झारखण्ड का प्रथम फिजिकल एकेडमी R.N.S. ACADEMY

# R.N.S ACADEMY

राष्ट्र निर्माण सेना

29 Sep 2023

Follow us on



**RN Sir**
(Physical Trainer)

SSC | RAILWAY | BANK | JSSC | DEFENCE - ARMY | CAPF | POLICE | Other Competitive Exam


Website : www.rnsacademy.in
Email : academyrns@gmail.com


Daily Current Affairs Booster


Contact : 8084818282, 9113365645


# Daily Current Affairs


Address : RNS Academy, College Road, Pakur, Jharkhand - 816107

## 29 सितंबर का इतिहास

- **1836 :** मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
- **1962 :** कोलकाता में बिड़ला तारामंडल खुला।
- **1650 :** इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरूआत हुई।
- **1959 :** आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
- **1915 :** टेलीफोन से पहला अंतर महाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
- **1971 :** बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफान से करीब 10 हजार लोगों की मौत हुई।
- **2001 :** संयुक्त राष्ट्र ने आतंकवाद विरोधी अमेरिकी प्रस्ताव पारित किया

## 29 सितंबर से संबंधित करेंट अफेयर्स

- भारत के बाहर निर्मित दुनिया के सबसे बड़े हिंदु मंदिर का उद्घाटन 8 अक्टूबर को न्यू जर्सी में होने वाला हैं। न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वायर से लगभग 90 किमी दक्षिण में या वाशिंगटन डीसी से लगभग 289 किमी दूर उत्तर में न्यू जर्सी के छोटे रॉबिन्सविले टाउनशिप में बीएपीएस स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर को 12,500 से अधिक की वॉलंटियर्स द्वारा बनाया गया है।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में हिंडन एयर बेस पर भारत ड्रोन शक्ति-2023 प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के लिए तैयार हैं। प्रदर्शनी के अलावा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह औपचारिक रूप से सी-295 परिवहन विमान को भारतीय वायु सेना में शामिल करेंगे। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी सहित प्रमुख सैन्य अधिकारी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में उपस्थिति रहेंगे।
- जेपी मॉर्गन चेस एंड कंपनी अपने उभरते बाजारों के बेंचमार्क सूचकांक में भारत सरकार के बॉन्ड को जोड़ेगी। यह एक उत्सुकता भरा ऐसा फैसला है जिसका लंबे समय से इंतजार किया जा रहा था। यह फैसला देश के ऋण बाजार में अरबों के विदेशी प्रवाह को बढ़ा सकता है। इस लंबे समय से प्रतीक्षित कदम से भारत के ऋण बाजार में पर्याप्त विदेशी निवेश आकर्षित होने की उम्मीद हैं। यह निर्णय अंतर्राष्ट्रीय निवेशकों के लिए भारत की बढ़ती अपील का नवीनतम संकेत है क्योंकि देश की आर्थिक वृद्धि प्रतिस्पर्धियों से आगे निकल गई है।
- रक्षा अधिग्रहण परिषद ने लगभग 45,000 करोड़ रूपये के नौ पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति प्रदान की हैं। इसके लिए रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की बैठक हुई थी। यह सभी खरीद भारतीय विक्रेताओं से खरीदें। श्रेणी के तहत की जाएंगी जिससे आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में भारतीय रक्षा उद्योग को पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा। आधुनिक मशीनीकृत बलों की सुरक्षा, गतिशीलता, हमले की क्षमता और बढ़ी हुई उत्तरजीविता को बढ़ाने के लिए डीएसी ने हल्के बख्तरबंद बहुउद्देश्यीय वाहनों और एकीकृत निगरानी और लक्ष्यीकरण प्रणाली की खरीद के लिए एओएन को मंजूरी दी।
- आरबीआई ने एआईएफआई के लिए बेसल III पूंजी फ्रेमवर्क, फंड रेजिंग और एक्सपोजर दिशानिर्देशों पर मानदंड पेश किए। इसने अखिल भारतीय वित्तीय संस्थानों के लिए निवेश पोर्टफोलियों के वर्गीकरण और मूल्यांकन पर मानदंड भी पेश किए। मानदंड अप्रैल 2024 से प्रभावी हो जाएंगे। अखिल भारतीय वित्तीय संस्थान अप्रैल 2024 तक न्यूनतम कुल पूंजी 9% बनाए रखेंगे। राष्ट्रीय आवास बैंक के लिए मानदंड जुलाई 2024 तक लागू किए जाएंगे क्योंकि इसका लेखांकन वर्ष जुलाई जून है।
- देश की दूरस्थ सीमाओं पर अपने बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के मिशन पर भारत ने सीमा सड़क संगठन द्वारा नियोजित आकस्मिक श्रमिकों के जीवन को बेहतर बनाने के उद्देश्य से एक अभूतपूर्व नीति का अनावरण किया हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस नीति को मंजूरी दी।
- भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रहे मौजूदा वनडे सीरीज के दूसरे मैच में बहुत सारे नए रिकॉर्ड बनाए हैं। इस मैच में भारत ने कुल 18 छक्के लगाए और इसी के साथ भारतीय टीम वनडे इतिहास में 3000 छक्के लगाने वाली दुनिया की पहली क्रिकेट टीम बन गई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि ने भारत को 3000 एकदिवसीय छक्कों की उपलब्धि तक पहुंचने वाली पहली टीम बना दिया।
- पहला मोटोजीपी भारत उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में किया गया। डोर्ना स्पोर्ट्स ने 2029 तक सात साल की अवधि के लिए भारत में रेस आयोजित करने के अधिकार के लिए फेयरस्ट्रीट स्पोर्ट्स को लाइसेंस दिया हैं। प्रमोटरों को उम्मीद है कि मोटोजीपी इंडिया तीसरे साल तक एक लाभदायक उद्यम बन जाएगा।
- न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के मौके पर भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात और संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकारों द्वारा एक नए संयुक्त अंतरिक्ष उद्यम की घोषणा की गई। मुख्य रूप से चार 12U2 भागीदार देशों से अंतरिक्ष-आधारित अवलोकन डेटा और क्षमताओं का उपयोग करते हुए, परियोजना का लक्ष्य नीति निर्माताओं, संस्थानों और उद्यमियों के लिए एक अद्वितीय अंतरिक्ष आधारित टूल बनाना है।

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. विश्व हृदय दिवस प्रतिवर्ष कब मनाया जाता है ?**

(A) 25 सितंबर (B) 27 सितंबर
(C) 29 सितंबर (D) 30 सितंबर

**(C)** विश्व हृदय दिवस हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता हैं। हृदय रोग और हृदय रोगों के प्रबंधन के लिए इसके निवारक उपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए विश्व स्तर पर विभिन्न गतिविधियों और जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करके यह दिन मनाया जाता हैं। यह आयोजन मुख्य रूप से किसी भी अन्य जटिलताओं से बचने के लिए लोगों को हृदय रोग के संकेत और लक्षणों के बारे में शिक्षित करने और लोगों को हृदय संबंधी किसी भी बीमारी को रोकने और नियंत्रित करने के लिए स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित है।




**2. हाल ही में एक्सरसाइज युद्ध अभ्यास का 19वां संस्करण कब से कब तक आयोजित किया जा रहा है ?**

(A) 25 सितंबर से 8 अक्टूबर 2023 तक
(B) 26 सितंबर से 9 अक्टूबर 2023 तक
(C) 27 सितंबर से 10 अक्टूबर 2023 तक
(D) 29 सितंबर से 12 अक्टूबर 2023 तक

**(A)** एक्सरसाइज युद्ध अभ्यास का 19वां संस्करण फोर्ट वेनराइट, अलास्का, संयुक्त राज्य अमेरिका में आयोजित किया जा रहा हैं। यह भारतीय सेना और संयुक्त राज्य अमेरिका सेना द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित एक वार्षिक अभ्यास हैं। मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट की भारतीय सेना की टुकड़ी जिसमें 350 कर्मी शामिल हैं, अभ्यास के इस संस्करण में भाग ले रहे हैं।



**3. हाल ही में किस राज्य में बाघों के लिए एक नया संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है?**

(A) मध्यप्रदेश (B) केरल
(C) छत्तीसगढ़ (D) झारखंड

**(A)** हाल ही में मध्यप्रदेश में बाघों के लिए एक नया संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया हैं। इसे वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व नाम दिया गया हैं। इसके साथ ही यह मध्यप्रदेश का सातवां बाघ अभयारण्य होगा। मध्यप्रदेश में 2022 की पशुगणना में बाघ स्टेट का दर्जा बरकरार रखा हैं। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वन पशुओं के संरक्षण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस रिजर्व के अंतर्गत क्षेत्रों को अधिसूचित किया है।



**4. हाल ही में एडीबी ने किस देश को 400 मिलियन डॉलर के आवंटन की घोषणा की है?**

(A) सिंगापुर (B) श्रीलंका
(C) अफगानिस्तान (D) इंडोनेशिया

**(A)** एशियाई विकास बैंक ने महिलाओं और लड़कियों पर विशेष ध्यान देने के साथ जोखिम में पड़े अफगानों की आजीविका और कल्याण की रक्षा के लिए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के आवंटन की घोषणा की हैं। संयुक्त राष्ट्र इस सहायता के प्रशासन की निगरानी करेगा।




**5. हाल ही में इंडो पैसिफिक आर्मी चीफ कांफ्रेंस कहां आयोजित किया किया ?**

(A) मुंबई (B) नई दिल्ली
(C) चेन्नई (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** नई दिल्ली में इंडो पैसिफिक सेना प्रमुखों के सम्मेलन की मेजबानी की। जिसमें 30 से अधिक देश भाग लिए। इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और स्थिरता को बढ़ावा देना है। प्रतिनिधि आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें मित्र सेनाओं के 20 से अधिक प्रमुखों के भाग लिये।



**6. हाल ही में बीसीसीआई ने किसे डोमेस्टिक और इंटरनेशनल सीजन के लिए ऑफिसियल पार्टनर चुना है ?**

(A) एयरटेल (B) SBI लाइफ

(C) Paytm (D) इनमें से कोई नहीं

**(B)** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने डोमेस्टिक और अंतर्राष्ट्रीय सीजन 2023-2026 के लिए एसबीआई लाइफ को अपना ऑफिशियल पार्टनर घोषित कर दिया है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया लाइफ ने बीसीसीआई के साथ तीन साल का कॉन्टैक्ट किया हैं। एसबीआई लाइफ बीमा क्षेत्र में हमे सही राह दिखाता है ओर हम भारतीय क्रिकेट को आगे ले जाने के लिए एक ठोस साझेदारी बनाना चाहते हैं।




**7. हाल ही में रेलवे बोर्ड ने ट्रेन दुर्घटनाओं के मुआवजे की राशि को कितने गुना बढ़ा दिया है ?**

(A) 2 (B) 4

(C) 7 (D) 10

**(D)** रेलवे बोर्ड ने ट्रेन दुर्घटनाओं में किसी की मृत्यु होने या घायल होने पर मिलने वाली अनुग्रह/मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ा दी। अनुग्रह राशि को आखिरी बार 2012 और 2013 में संशोधित किया गया था। सर्कुलर के अनुसार रेल दुर्घटनाओं और ट्रेन में होने वाली अप्रिय घटनाओं में घायल यात्रियों ओर जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है।



**8. हाल ही में किस राज्य ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए मोबाइल वैन कार्यक्रम शुरू किया है ?**

(A) हिमाचल प्रदेश (B) हरियाणा

(C) राजस्थान (D) तेलंगाना

**(A)** हाल ही में ऑर्गेनिक और केमिकल फ्री खेती और खान-पान को प्रमोट करने के लिए हिमाचल प्रदेश में एक अहम कदम उठाया गया है। अब यहां एक मोबाइल वैन चलेगी जो घर-घर तक ऑर्गेनिक फल और सबजी पहुंचाएगी। प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत इस मोबाइल वैन प्रोग्राम को शुरू किया जा रहा है।



**9. हाल ही में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 25 वर्ष से कम आयु के लगभग कितने प्रतिशत भारतीय स्नातक बेरोजगार है ?**

(A) 15% (B) 30%

(C) 40% (D) 55%

**(C)** अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार 2021-2022 में 25 वर्ष से कम आयु के भारतीय स्नातकों के बीच बेरोजगारी दर 42% तक रही। कुल बेरोजगारी दर 2017-2018 में 8.7 प्रतिशत से घटकर 2021-2022 में 6.6 प्रतिशत हो गई। हायर सेकेंडरी की पढ़ाई पूरी कर चुके 25 साल से कम उम्र के युवाओं में बेरोजगारी दर 21.4 फीसदी रही।



**10. हाल ही में किस राज्य में भारतीय वायु सेना बेस पर भारत ड्रोन शक्ति-2023 का उद्घाटन किया गया ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तर प्रदेश

(C) कर्नाटक (D) नई दिल्ली

**(B)** उत्तर प्रदेश के हिंडन गाजियाबाद में भारतीय वायु सेना बेस पर भारत ड्रोन शक्ति-2023 का उद्घाटन किया गया। भारतीय वायु सेना और ड्रोन फेडरेशन ऑफ इंडिया ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया। रक्षामंत्री ने औपचारिक रूप से भारतीय वायु सेना एवरो बेडे की जगह लेने के लिए सी-295 परिवहन विमान को शामिल किया।

